संपादकीय

# नेपाल का रण-क्षेत्र

अब देउबा सरकार को अमेरिका विरोधी एक फैसला लेना पड़ा है। अमेरिका के स्टेट पार्टनरशिप प्रोग्राम में शामिल ना होने के नेपाल सरकार के फैसले को प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के लिए एक झटका समझा जा रहा है।

बीते कई महीनों से नेपाल महाशक्तियों- यानी अमेरिका और चीन की प्रतिद्वंद्विता का एक रण क्षेत्र बना हुआ है। जब से शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली सरकार में सत्ता आई है, अब तक इस होड़ में अमेरिका भारी पड़ रहा था। देउबा सरकार ने पहले अमेरिकी संस्था मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन से 50 करोड़ डॉलर की मदद स्वीकार करने संबंधी करार का संसदीय अनुमोदन कराया। फिर यूक्रेन युद्ध में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार अमेरिकी रुख के मुताबिक मतदान किया। इससे चीन में बैचेनी साफ झलकी। मगर अब देउबा सरकार को अमेरिका विरोधी एक फैसला लेना पड़ा है। अमेरिका के स्टेट पार्टनरशिप प्रोग्राम (एसपीपी) में शामिल ना होने के नेपाल सरकार के फैसले को प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के लिए एक झटका समझा जा रहा है। नेपाल में हफ्ते भर तक इस मुद्दे पर तीखा विवाद चला। आखिरकार सरकार को ये फैसला लेना पड़ा। उसे यह फैसला उस समय लेना पड़ा है, जब प्रधानमंत्री देउबा के अमेरिका जाने के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। देउबा के जुलाई के मध्य में अमेरिका की सरकारी यात्रा पर जाने की संभावना है।

एसपीपी का मामला पिछले हफ्ते मीडिया में आई इन रिपोर्टों के बाद गरमाया था कि अमेरिका एसपीपी में शामिल होने के लिए नेपाल सरकार पर दबाव डाल रहा है। यह प्रोग्राम एक तरह का सैनिक गठजोड़ है। इसके तहत अमेरिका के नेशनल गार्ड और नेपाली सेना का एक साझापन बनता। ये मामला इतना भडक़ा कि नेपाली संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति ने विदेश मंत्री नारायण खडक़ा और सेनाध्यक्ष प्रभुराम शर्मा को बुला कर उनसे सवाल-जवाब किए। इसके बाद समिति ने प्रधानमंत्री देउबा को तलब किया, लेकिन वे बीते रविवार को पेश नहीं हुए। तब समिति ने देउबा को इसी हफ्ते फिर से पूछताछ के लिए बुलाने का फैसला किया था। इसी बीच देउबा की कैबिनेट ने फैसला किया कि नेपाल एसपीपी में शामिल नहीं होगा और इस बारे में अमेरिका को सूचना दे दी जाएगी। समझा जाता है कि विपक्ष और कुछ अपने सहयोगियों के दबाव के कारण प्रधानमंत्री देउबा को एसपीपी से नेपाल को अलग करने पर राजी होना पड़ा। स्पष्टत: ताजा फैसले से अमेरिका असहज होगा।

# आज से होंगे 8 बड़े बदलाव, आपकी जेब पर पड़ेगा प्रभाव

**नई दिल्ली**



एक जुलाई 2022 से देश में वित्तीय लेनदेन और ऑनलाइन भुगतान संबंधी कई नियम बदल जाएंगे। साथ ही कई उत्पाद महंगे हो जाएंगे। इन नियमों के लागू होने के बाद कुछ भार आपकी जेब पर भी पड़ सकता है। आइए जानते हैं इन बदलावों के बार में...

### 1. ऑनलाइन भुगतान के लिए लागू होगा टोकन सिस्टम

एक जुलाई से ऑनलाइन शापिंग कंपनियां, मर्चेंट और पेमेंट गेटवे क्रेडिट और डेबिट कार्ड का डेटा अपने प्लेटफॉर्म पर नहीं रख पाएंगे। बैंक ग्राहकों की सुरक्षा को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक एक जुलाई कार्ड टोकेनाइजेशन सिस्टम शुरू करने जा रहा है। इसके तहत कार्ड के ब्योरे को टोकन में बदल दिया जाएगा। यह आनलाइन लेनदेन का सुरक्षित तरीका होगा।

### 2. आधार-पैन को लिंक करने पर दोगुना जुर्माना

केंद्र सरकार ने जुर्माने के साथ पैन और आधार कार्ड को लिंक करने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2023 तय की है। 30 जून 2022 तक इसे लिंक करने पर 500 रुपये जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन एक जुलाई से यह जुर्माना बढ़कर एक हजार रुपये हो जाएगा। यदि आपने अब तक इसे लिंक नहीं किया है तो एक जुलाई से पहले इस काम को निपटा लें।

### 3. गिफ्ट्स पर देना होगा 10 फीसदी टीडीएस

कारोबार और विविध व्यवसायों से प्राप्त होने वाले गिफ्ट पर 01 जुलाई 2022 से 10 फीसदी टीडीएस देना पड़ेगा। ये टैक्स सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और डॉक्टरों पर भी लागू होगा। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए टीडीएस देना तभी जरूरी होगा, जब कोई कंपनी मार्केटिंग के उद्देश्य से उन्हें कोई उत्पाद देती है। वहीं अगर दिया उत्पाद कंपनी को वापस लौटा दिया जाता है तो टीडीएस लागू नहीं होगा।

### 4. क्रिप्टोकरेंसी पर देना होगा टीडीएस

01 जुलाई 2022 के बाद से आईटी अधिनियम की नई धारा 194S के तहत क्रिप्टोकरेंसी के लिए किया गया लेन-देन अगर एक साल में 10,000 रुपये से ज्यादा है तो उस पर एक फीसदी का चार्ज लगेगा। आयकर विभाग ने वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके दायरे में सभी एनएफटी या डिजिटल करेंसी आएंगे।

### 5. डीमैट अकाउंट की केवाईसी अपडेट नहीं कर पाएंगे

यदि आपने डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट के लिए केवाईसी को अब तक पूरा नहीं किया है तो 30 जून तक इसे हर हाल में निपटा लें। क्योंकि 01 जुलाई के बाद आप केवाईसी अपडेट नहीं कर पाएंगे। इसके बाद आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले डीमैट खातों के लिए केवाईसी को 31 मार्च 2022 तक पूरा करना था, लेकिन सेबी ने इसकी समय सीमा बढ़ाकर 30 जून कर दी थी।

### 6. दोपहिया वाहनों की कीमतें बढ़ेंगी

एक जुलाई से देश में दोपहिया वाहनों की कीमतें बढ़ जाएंगी। हीरो मोटोकॉर्प ने अपने वाहनों की कीमतों को 3,000 रुपये तक बढ़ाने का फैसला किया है। लगातार बढ़ रही महंगाई और कच्चे माल की कीमतों में तेजी को देखते हुए कंपनी ने यह फैसला लिया है। हीरो मोटोकॉर्प की तरह दूसरी कंपनियां भी अपने वाहनों की कीमतें बढ़ा सकती हैं।

### 7. एसी के दाम भी बढ़ेंगे

दोपहिया वाहनों के साथ ही एक जुलाई से देश में एसी भी महंगे हो जाएंगे। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी ने एयर कंडीशनर्स (एसी) के लिए एनर्जी रेटिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है। यह बदलाव एक जुलाई से लागू होंगे। इसके बाद 5 स्टार एसी की रेटिंग घटकर सीधे 4 स्टार हो जाएगी। नई एनर्जी एफिशिएंसी लागू के बाद एसी की कीमतों में 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

### 8. YouTubers और डॉक्टरों के लिए आयकर नियम

कंपनियों से मुफ्त आइटम प्राप्त करने वाले डॉक्टरों, YouTubers और प्रभावितों को 1 जुलाई से उन वस्तुओं के लिए टैक्स का भुगतान करना होगा। social media influencers को कार, मोबाइल, संगठन आदि जैसे उत्पाद प्राप्त होने पर 10% टीडीएस का भुगतान करना होगा। हालांकि, अगर उत्पाद सेवाओं का उपयोग करने के बाद कंपनी को वापस कर दिया जाता है, तो यह धारा 194R के तहत नहीं आएगा।

# विंबलडन 2022 : एंडी मरे दूसरे दौर में हुए बाहर

**लंदन ।** तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता एंडी मरे विंबलडन 2022 में दूसरे दौर में अमेरिका के जॉन इस्नर 4-6, 6-7 (4-7), 7-6 (7-3), 4-6 से हारकर बाहर हो गए। पिछले साल अपने घरेलू ग्रैंड स्लैम में तीसरे दौर से बाहर होने के विपरीत, ब्रिटन ने अपने खेल को महसूस किया और वे दूसरे सप्ताह की दौड़ के लिए तैयार हैं।

35 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं यहां और अच्छा खेल सकता था। अगले दौर में मैं और बेहतर प्रदर्शन करूंगा।

मरे ने एटीपी रैंकिंग में 52वें नंबर पर विंबलडन में प्रवेश किया। मरे ने कहा, अपनी रैंकिंग में सुधार करने और वरीयता प्राप्त करने की कोशिश करने के कारणों में से एक बात महत्वपूर्ण है कि शीर्ष खिलाडिय़ों से खेलने के लिए बहुत अभ्यास की जरूरत है। मार्च में मियामी ओपन में एक गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में वल्र्ड नंबर 1 डेनियल मेदवेदेव से हारने के बाद से वह अपनी एटीपी रैंकिंग में सुधार करने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# ऑल टाइम लो पर गया रुपया, वित्त मंत्री बोलीं- अब भी हम बेहतर स्थिति में



**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने ऑल टाइम लो लेवल पर है। हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि दुनिया की अन्य करेंसी की तुलना में अब भी रुपया बेहतर स्थिति में है। एक कार्यक्रम में निर्मला सीतारमण ने कहा, ''हम कुछ हद तक बेहतर स्थिति में हैं। हम एक बंद अर्थव्यवस्था नहीं हैं। हम वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। ऐसे में वैश्विक घटनाक्रम का हम पर असर पड़ेगा।''

इससे पहले रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने भी कहा था कि हाल में भारतीय मुद्रा को सबसे कम नुकसान उठाना पड़ा है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा था कि आरबीआई रुपये में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं होने देगा।

पहली बार 79 के पार: आपको बता दें कि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत लगातार गिरती जा रही है। बुधवार को यह 79 प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे गिर गया। यह रुपये का अबतक का सर्वकालिक निचला स्तर है। हालांकि, गुरुवार के कारोबार में थोड़ी रिकवरी आई और यह एक बार फिर 79 के नीचे आ गया है।

वजह क्या है: रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद से आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताएं बढ़ने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने, मुद्रास्फीति के स्तर में हो रही वृद्धि और केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरें बढ़ाने के रुख से डॉलर के मुकाबले दुनिया की अधिकांश प्रमुख मुद्राओं की स्थिति कमजोर होती जा रही है।

यूक्रेन के खिलाफ रूस का हमला शुरू होने के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को समर्थन देने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया है। इस वजह से 25 फरवरी के बाद से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 40.94 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है।

# अल्टीमेट खो-खो में रैपर बादशाह ने खरीदी मुंबई की टीम

**मुंबई ।** अल्टीमेट खो खो (यूकेके) में बॉलीवुड के लोकप्रिय रैपर बादशाह और पुनीत बालन ने दिलचस्पी दिखाई हैं। दोनों मुंबई फ्रेंचाइजी के सह-मालिक के रूप में लीग में शामिल हुए हैं। मुंबई की इस टीम के ऑनबोर्ड होने के साथ अल्टीमेट खो-खो के उद्धाटन सीजन के लिए लाइन-अप पूरा हो गया है। अब इसी साल होने वाली इस बहु-प्रतीक्षित लीग में कुल छह टीमें शामिल हो गई हैं।

बादशाह का मानना है कि खो खो में गति के साथ-साथ एक एलिगेंट स्टाइल है और साथ ही साथ उनके लिए खास तौर पर इस खेल के प्रति खास लगाव है। बादशाह मानते हैं कि अल्टीमेट खो-खो में अपार क्षमता और संभावनाएं हैं। बादशाह की इच्छा है कि इस लीग से उनके जुड़ाव का एक मकसद भी है कि वह इस लीग से कुछ सुपरस्टार्स को सामने लाना चाहते हैं।



बादशाह ने अल्टीमेट खो खो से जुड़ाव के खास कारण का खुलासा करते हुए कहा, मेरी मां अपने कॉलेज के दिनों में खो-खो खेला करती थीं और यही कारण है कि जमीन से जुड़ा खेल मेरे दिल के बहुत करीब है। व्यक्तिगत संबंध ने मुझे अल्टीमेट खो-खो का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया।

युवा 'बालन' कुछ चुनिंदा खेल निवेशकों में से एक हैं। बालन ग्रुप एक ऐसी कंपनी है, जिसका बाजार मूल्य 3,500 करोड़ रुपये है। बालन खेलों में निवेश के अलावा बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस और हैंडबॉल लीग जैसी विभिन्न खेल लीगों में भी टीमों की मालिक है और सक्रिय रूप से विभिन्न खिलाडिय़ों को सहयोगी देती है। मुंबई फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बालन ने कहा, यदि आप कुछ विकसित करना चाहते हैं तो सही दृष्टिकोण अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं काफी समय से कई लीग्स के माध्यम से खेलों के विकास में शामिल रहा हूं और अब अल्टीमेट खो-खो के साथ, मैं खो-खो की सफलता की यात्रा में एक भूमिका निभाना चाहता हूं। यह पारंपरिक खेल महाराष्ट्र में उत्पन्न हुआ। महाराष्ट्र से कम से कम तीन टीमों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया और हाल ही में संपन्न खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी, वह लडक़ों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में चैंपियन बनकर उभरा।

# भारतीय हॉकी टीम के 2 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 3 सदस्य कोविड-19 से संक्रमित



**बेंगलुरु ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दो खिलाडिय़ों और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। यह जानकारी हॉकी इंडिया ने गुरुवार को दी। गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार और अमित रोहिदास जैसे दिग्गज राष्ट्रमंडल खेलों के शिविर में शामिल हैं, जो 27 जून को बेंगलुरु में शुरू हुआ और 23 जुलाई को समाप्त होगा।

हॉकी इंडिया ने एक विज्ञप्ति में कहा, कोविड के आरटीपीसीआर परीक्षण बुधवार सुबह किए गए। खिलाडिय़ों में हल्के लक्षण दिख रहे थे, जिन्हें चरंटीन कर दिया गया है।

मनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारत 31 जुलाई को घाना के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। पूल बी में शामिल भारत राउंड-रॉबिन लीग मैचों में मेजबान इंग्लैंड, कनाडा और वेल्स से भी भिड़ेगा।

टीम : पीआर श्रीजेश, पवन, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आकाशदीप सिंह, नीलकांत शर्मा, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, गुरसाहिबजीत सिंह, मंदीप मोर, संजय, मोहम्मद राहील माउसेन, सुमित, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, गुरिंदर सिंह, जसकरन सिंह, आशीष कुमार टोपनो, कृष्ण बी. पाठक, शिलानंद लकड़ा।

# 'तमाशा लाइव' का प्रमोशन करते हुए टीवी जर्नलिस्ट बनीं सोनाली कुलकर्णी



मराठी फिल्म 'तमाशा लाइव' में पत्रकार के रूप में नजर आने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी को वास्तविक जीवन में समाचार बुलेटिन पढऩे वाली टीवी न्यूज एंकर के रूप में देखा गया। स्पीड न्यूज बुलेटिन ने 5 मिनट में 25 समाचारों को कवर किया। सोनाली ने इसे अपने इंस्टाग्राम पर भी कैप्शन के साथ पोस्ट किया, नमस्कार मि शेफाली। घीं आले आहे आजचाया बात्या (नमस्ते, मैं शेफाली। मैं आपके लिए आज की खबर ला रही हूं)। 'तमाशा लाइव' में सोनाली के किरदार का नाम शेफाली है। सोनाली को 'नटरंग', 'क्षणभर विश्रांति ', 'अजिंता', 'झिम्मा' में उनकी भूमिकाओं के लिए जानी जाती है। सोनाली कहती हैं, तमाशा लाइव' मराठी फिल्मों को अपनी भव्यता के साथ फिर से परिभाषित करेगी। फिल्म में हर पहलू पर अच्छा काम किया गया है और फिल्म के रिलीज होने के बाद दर्शक निश्चित रूप से हमारी मेहनत को देखेंगे। अभिनेत्री ने आगे कहा, एक संगीतमय फिल्म, जो पहले कभी नहीं देखी गई, निश्चित रूप से हमारे दर्शकों को सोचने पर मजबूर करने वाली है। संजय जाधव निर्देशित यह फिल्म 15 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# मेरी अभिनेता बनने की कोई भी योजना नहीं थी : आदित्य रॉय कपूर



पर्दे पर बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर की मौजूदगी को फैंस बेहद पसंद करते हैं। फिल्म मलंग से उन्हें एक खास पहचान मिली थी। वह पिछले कुछ समय से ओम: द बैटल विदइन को लेकर छाए हुए हैं। फिल्म 1 जुलाई को बड़े पर्दे पर आएगी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आदित्य एक अभिनेता नहीं बनना चाहते थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उनकी अभिनेता बनने की कोई योजना नहीं थी।

आदित्य ने कहा कि उनकी अभिनेता बनने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने अपने बयान में कहा, अभिनेता बनना एक ऐसी चीज थी, जिसकी मैंने कभी योजना नहीं बनाई थी। मैंने अपनी पहली तीन फिल्में कीं और फिर फैसला किया कि यह कुछ ऐसा है, जो मैं करना चाहता हूं। इसलिए, यह सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन मुझे बहुत सी सीख भी मिली है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** जीत का जश्न आपके दिल को ख़ुशी से भर देगा। इस उत्साह को दोगुना करने के लिए आप अपनी ख़ुशी में दोस्तों को भागीदार बना सकते हैं। आपके घर से जुड़ा निवेश फ़ायदेमंद रहेगा।

***वृष:*** ख़ुद को उत्साही बनाए रखने के लिए अपनी कल्पनाओं में कोई ख़ूबसूरत और शानदार तस्वीर बनाएं। निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है आज आपको यह बात समझ में आ सकती है।

***मिथुन:*** दोस्तों के साथ शाम सुखद रहेगी, लेकिन ज़्यादा खाने और मदिरापान से बचें। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। घर के किसी सदस्य के व्यवहार की वजह से आप परेशान रह सकते हैं।

***कर्क:*** यह हंसी की चमक से उजला दिन है, जब ज़्यादातर चीज़ें आपके मन के मुताबिक़ होंगी। अगर आप छात्र हैं और विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं तो घर की आर्थिक तंगी आज आपके माथे पर शिकन ला सकती है।

***सिंह:*** कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपने मूल्यों को दरकिनार करने से बचें और हर फ़ैसला तार्किक तरीक़े से लें। जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है।

***कन्या:*** अगर आप बहुत ज़्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं, तो बच्चों के साथ अधिक समय बिताएँ। उनके प्यार भरे आलिंगन और मासूम मुस्कुराहट आपकी सभी परेशानियों को ख़त्म कर देंगे।

***तुला:*** शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मज़बूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। कार्यक्षेत्र में या करोबार में आपकी कोई लापरवाही आज आपको आर्थिक नुक्सान करा सकती है।

***वृश्चिक:*** प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज किसी विपरीत लिंगी की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

***धनु:*** अपने काम के लिए दूसरों पर दबाव न डालें। दूसरे लोगों की इच्छाओं और दिलचस्पियों पर भी ग़ौर करें, इससे आपको दिली ख़ुशी हासिल होगी। आपकी माता पक्ष से आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है।

***मकर:*** मज़बूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इज़ाफ़ा करेगा। किसी भी तरह के हालात को क़ाबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकऱार रखिए। लंबे समय से अटके मुआवज़े और कजर् आदि आखिरक़ार आपको मिल जाएंगे।

***कुंभ:*** लंबे समय से चली आ रही अपनी बीमारी का इलाज अपनी मुस्कान से करें, क्योंकि यह सभी परेशानियों की सबसे कारगर दवा है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम न करें जिससे आपको आर्थिक हानि हो।

***मीन:*** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आज किसी विपरीत लिंगी की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। बच्चों के साथ ज़्यादा सख़्ती उन्हें नाराज़ कर सकती है।

## 'बेक्ड वेज़ी सेमोलिना बाइट्स'

बच्चों के खाने में बहुत नखरे होते हैं इसलिए उन्हें खिलाने के लिए बहुत जतन करना पड़ता है। तो अगर आप चाहते हैं उनका लंच बॉक्स वैसे ही ना लौटें जैसे आपने दिया है तो बनाएं कुछ स्पेशल।



### सामग्री :

सूजी- 1 कप, दही- 1/2 कप, मिक्स वेजिटेबल्स कटे हुए(कॉर्न, लाल-हरी शिमला मिर्च)- 1/2 कप, कद्दूकस की हुई सब्जियां (गाजर, जुकीनी)- 2 टेबलस्पून, धनिया बारीक कटी हुई- 2 टेबलस्पून, अदरक-लहसुन का पेस्ट- 2 टीस्पून, बेकिंग पाउडर- 1 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, चीनी- 1 टीस्पून, नींबू का रस- 1 टीस्पून, चीज़ कद्दूकस किया- 3 टेबलस्पून, कप- 1/2 कप, नमक-स्वादानुसार, तिल के बीज- 1 टीस्पून

**तड़के के लिए-** तेल- 1 टेबलस्पून, सरसों के बीज- 1 टीस्पून, उड़द दाल- 1 टीस्पून, करी पत्ते- 5 कटे हुए

### विधि :

- एक बाउल में सूजी, दही, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, सारे मसाले और नींबू का रस मिक्स करें।

- इसके बाद इसमें कटी हुई सब्जियां और पानी मिलाकर अच्छा गाढ़ा घोल तैयार करें।

- इसके बाद तड़का तैयार करेंगे। तड़का पैन में तेल डालें। जैसे ही ये गर्म हो जाएं इसमें सरसों के बीज, करी पत्ते और उड़द दाल डालकर तड़काएं। इस तड़के को बैटर में डाल दें। बैटर को कम से कम 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें। अवन को 175 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। बनाते वक्त इसमें बेकिंग पाउडर डालना है। इसके बाद मफिन ट्रे में तेल या मक्खन से ग्रीस करें और फिर तिल के बीज डालें। इसके बाद इनमें घोल को डालें और 20-25 मिनट के लिए इसे बेक करेंगे। इसके बाद 10 मिनट के लिए ठंडा होने दें। हरी चटनी या टमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 119

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 118 का हल



## सू-दोकू- 119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |